हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 25 दिसंबर 2025
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 योजनाओं की उपायुक्त जाफरी ने की समीक्षा


07 दर्जनों सवारियों को ढो रहे ऑटो को किया सीज


## खबर संक्षेप

### 26 को मनाया जाएगा वीर बाल दिवस


**सीहोर।** प्रदेश में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जायेगा। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने स्कूल के बच्चों से इस दिन होने वाली गतिविधियों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह द्वारा दिये गये सर्वोच्च बलिदान के संबंध में प्रतिवर्ष 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारत के भविष्य की नींव माने जाने वाले बच्चों को सम्मानित करने के लिये समर्पित एक राष्ट्रीय उत्सव है। इस पहल का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं का पोषण करना, रचनात्मकता को बढ़ावा देना और उन्हें विकसित भारत के सपने में योगदान देने के लिये प्रेरित करना है।

### पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती एवं राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर गणित पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें पोस्टर प्रदर्शनी, रंगोली, कोलाज, क्विज़ एवं भाषण प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। इन सभी प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के लगभग 200 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की और अपनी रचनात्मक एवं बौद्धिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल द्वारा डुंगला, उज्जैन में स्थापित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला मे आयोजित राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। आयोजित हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संबोधन दिया गया।

### करणी सेना से किए गए उपद्रव के विरोध में दोपहर 2 बजे तक बंद रहा आष्टा का बाजार

# पथराव मामले में उपद्रवियों की पहचान शुरू, फुटेज से चार आरोपी गिरफ्तार, करणी सेना ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन





सर्व हिंदू समाज के अल्टीमेटम के बाद पुलिस ने वीडियो फुटेज का सहारा लेकर मुख्य उपद्रवियों को किया चिन्हित।






हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

आष्टा के अलीपुर और पार्वती थाना क्षेत्र में रविवार रात हुए उपद्रव और पथराव के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। सर्व हिंदू समाज द्वारा दिए गए 48 घंटे के अल्टीमेटम के बीच पुलिस ने वीडियो फुटेज का सहारा लेकर मुख्य उपद्रवियों को चिन्हित किया है। अब तक पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

बता दें रविवार रात करीब 9.30 बजे अलीपुर क्षेत्र में करणी सेना के कार्यकर्ताओं पर हुए हमले और वाहनों में तोडफ़ोड़ की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीमों ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की पहचान की गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अब तक अकील अहमद, अलीम उद्दीन, फिरोज उद्दीन और मुजफ्फर उद्दीन को गिरफ्तार कर लिया है।

### दोपहर 2 बजे तक बंद रहा बाजार

उपद्रव के विरोध में मंगलवार को आष्टा के व्यापारियों ने एकजुटता दिखाई। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रूपेश राठौर के आह्वान पर दोपहर 2 बजे तक बाजार पूरी तरह बंद रहे। प्रशासन ने शहर की स्थिति को देखते हुए आष्टा और पार्वती थाना क्षेत्रों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी है। शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस का सख्त पहरा है और पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर पाबंदी है।

### सोशल मीडिया पर साइबर सेल की नजर

प्रशासन ने अफवाह फैलाने वालों को सख्त लहजे में चेतावनी दी है। कलेक्टर और एसपी ने स्पष्ट किया है कि फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम पर भ्रामक या भडक़ाऊ पोस्ट साझा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। साइबर सेल हर गतिविधि पर नजर रख रही है। आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों के खिलाफ धारा 163 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### 48 घंटे के अल्टीमेटम का असर

सोमवार को सर्व हिंदू समाज ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी। गिरफ्तारी की शुरुआत के बाद पुलिस का कहना है कि बाकी बचे उपद्रवियों को भी जल्द सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। पुलिस ने लोगों से शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की है।

### करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष का अल्टीमेटम, 24 घंटे में बुलडोजर चलाने की मांग

करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग प्रताप सिंह ने प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि सोमवार को ही हम प्रशासन को ज्ञापन दे चुके है जिसमें 48 घंटे का समय दिया गया था । इसमें से 24 घंटे का समय बीत चुका है और यदि इन 24 घंटों में आरोपियों पर बुलडोजर की कार्यवाही नहीं होती है तो करणी सेना हाइवे जाम करेगी। और हम चार आरोपियों की गिरफ्तारी से सन्तुष्ट नहीं हैं क्योंकि सरकार हिंदुओं की है हिंदुओं पर ही अत्याचार हो रहा है तो शंका पैदा करती है और इसमें प्रशासन की बड़ी चूक है जब प्रशासन को मालूम था कि करणी सेना का 21 तारीख को इतना बड़ा मूवमेंट है तो फिर जितने भी रूट संवेदनशील रूट थे वह प्रशासन को अलर्ट रहना था।

# तेज रफ्तार बस पुलिया की रैलिंग से टकराई, 32 यात्री घायल

### हरदा से भोपाल जा रही थी चौहान ट्रेवल्स की बस, तेज रफ्तार बनी हादसे का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

रेहटी थाना अंतर्गत मंगलवार को हरदा से भोपाल जा रही चौहान ट्रेवल्स की एक तेज रफ्तार बस सलकनपुर नहर तिराहे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। चौहान ट्रेवल्स की बस पुलिया की रैलिंग से टकराकर अटक गई, जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

हालांकि इस हादसे में एक बाइक सवार सहित कुल 32 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 16 घायलों को भोपाल रेफर किया गया है, इनमें से दो की हालत चिंताजनक बनी है। एसडीओपी रवि शर्मा के अनुसार चौहान ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 04 पीए 2877 लगभग 45 यात्रियों को लेकर हरदा से भोपाल की ओर जा रही थी। दोपहर में जैसे ही बस सलकनपुर नहर तिराहे के पास पहुंची, चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया। रफ्तार इतनी तेज थी कि बस सीधे नहर की पुलिया की रैलिंग को तोड़ते हुए वहां जा फंसी। गनीमत रही कि रैलिंग ने बस को रोक लिया, वरना बस सीधे नहर में समा सकती थी, जिससे भारी जनहानि होने की आशंका थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के वक्त वहां से गुजर रहा एक बाइक सवार भी बस की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने साहस दिखाते हुए बस के कांच तोडक़र और गेट के रास्ते यात्रियों को बाहर निकालना शुरू किया।

### 32 घायल, मची अफरा तफरी


हादसे में कुल 32 यात्रियों को चोटें आई हैं। घटना के तत्काल बाद कुछ यात्री अपने निजी साधनों और एम्बुलेंस की मदद से रेहटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। घायलों में 16 की हालत गंभीर होने पर भोपाल रेफर किया गया, जिनमें दो यात्रियों की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया है। शेष घायलों का उपचार रेहटी में जारी है। दुर्घटना की खबर मिलते ही रेहटी थाना पुलिस और एसडीओपी रवि शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बस को सडक़ किनारे करवाकर यातायात सुचारू करवाया। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है।

### हादसे में यह हुए घायल

हादसे में 32 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें 16 की हालत गंभीर होने पर भोपाल रेफर किया गया। रेफर किए जाने वाले यात्रियों में हरिदास आ. जमना प्रसाद, रामप्रसाद, किरण आ. शैलेंद्र, माधव सिंह आ. रामसिंह, राकेश आ. रामस्वरूप, राधिका आ. राजकुमार, दीपिका/योगेश, उर्वशी, राज, रुपाली यादव, रोहन मेहरा, मोहन कुशवाह, विशाल, पवन, मोहन सेन, कुमकुम हेमराज शामिल हैं। जबकि योगेश आ. ओमप्रकाश, स्वाति आ. पवन, किरण वर्मा/राकेश वर्मा, आर्यन, रमेश कुशवाह, अंकित, रिश्हान, आयुषी, सईद, शाहीधनबीच, किरण सिंह भाटी, भंवर कुशवाह, राजू अरविंद, माया गौर, आयुषी आ. जयनारायण, करण कुशवाह/ओमप्रकाश, बलराम, करण सिंह को रेहटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# कलेक्ट्रेट परिसर में जनसुनवाई में आए पति पत्नी के बीच विवाद, जमकर चले लात-घूंसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



कलेक्ट्रेट कार्यालय जहां आम जनता अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचती है, मंगलवार को अचानक अखाड़े में तब्दील हो गया। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान एक पारिवारिक विवाद इस कदर बड़ा कि कलेक्ट्रेट परिसर में ही दोनों पक्षों के बीच जमकर हाथापाई हुई। मारपीट का यह तमाशा काफी देर तक चलता रहा, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार एक महिला अपने परिजनों के साथ जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुंची थी। महिला का आरोप है कि उसके पति ने उसे और उसके दो बच्चों को छोड़ दिया है और बिना तलाक दिए दूसरी महिला से शादी कर ली है। महिला का कहना है कि पति अब दूसरी महिला के साथ रह रहा है, जिससे वह और उसके बच्चे बेहद परेशान हैं। मंगलवार को जनसुनवाई में पति और पत्नी दोनों ही अपने-अपने परिजनों के साथ मौजूद थे। घटना कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान हुई। अधिकारियों के सामने जैसे ही पति ने अपनी बात रखनी शुरू की, पत्नी और उसके परिजन नाराज हो गए। पहले दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई और देखते ही देखते मामला हाथापाई तक जा पहुंचा। कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया। वायरल वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि किस तरह दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं और खींचतान हो रही है।

### पुलिस जवानों ने संभाला मोर्चा

अचानक हुई इस मारपीट से वहां मौजूद अन्य लोगों में हडक़ंप मच गया। स्थिति बिगड़ती देख मौके पर तैनात पुलिस के जवान और होमगार्ड्स ने तुरंत हस्तक्षेप किया। सुरक्षाकर्मियों और कर्मचारियों को बीच-बचाव करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। जवानों ने मारपीट कर रहे लोगों को एक-दूसरे से अलग किया और मामला शांत कराया।

### आवेदकों ने लगाई गुहार

हंगामे के बीच जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने जनसुनवाई की कमान संभाली। उन्होंने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तय समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। मंगलवार को जनसुनवाई में जिलेभर से करीब 60 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। जिला मुख्यालय के साथ-साथ सभी जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई संपन्न हुई। प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी झगड़े, रास्ता-मेढ़ विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता और मुआवजा से जुड़े मामले शामिल रहे।

### तीन दिवसीय सम्मेलन में धर्म, संस्कृति, महिला व युवा सशक्तीकरण पर हुआ मंथन

# भोपाल में संपन्न प्रांतीय आर्य महासम्मेलन में काशीराम आर्य सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा, भोपाल के तत्वावधान में भोपाल में 21, 22 एवं 23 दिसंबर को आयोजित प्रांतीय आर्य महासम्मेलन संपन्न हुआ। तीन दिवसीय इस महासम्मेलन में प्रदेशभर से आर्य समाज के विद्वान, संत, समाजसेवी, महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। सम्मेलन में आगर मालवा जिले से भी प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। सम्मेलन के दौरान आर्य समाज का परिचय, वेद सम्मेलन, महिला सम्मेलन, युवा सम्मेलन एवं राष्ट्र व संस्कृति गौरव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

प्रांतीय आर्य महासम्मेलन के दौरान कानड़ के आर्य समाज के विद्वान प्रचारक काशीराम आर्य को समाज में उनके अनुकरणीय कार्य, वैदिक विचारधारा के प्रचार-प्रसार एवं सामाजिक जागरूकता के लिए सम्मानित किया गया। काशीराम आर्य को यह सम्मान मिलने पर जिले के आर्य समाजजनों एवं अनुयायियों में आर्य वीर




दल में हर्ष का वातावरण रहा।

### राज्यपाल आचार्य देवव्रत रहे मुख्य अतिथि

23 दिसंबर को आयोजित मुख्य सत्र में गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने वैदिक जीवन मूल्यों, नैतिकता एवं संस्कारों को समाज की आधारशिला बताते हुए आर्य समाज की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

### महिला एवं युवा सम्मेलन रहे आकर्षण का केंद्र

महिला सम्मेलन में महिलाओं की शिक्षा, स्वावलंबन एवं सामाजिक भूमिका पर विचार रखे गए। वहीं युवा सम्मेलन में युवाओं में बढ़ते तनाव, अनुशासन, नैतिकता एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर सार्थक चर्चा की गई। वेद सम्मेलन में विद्वानों ने वेदों को मानवता का आधार बताते हुए वैदिक सिद्धांतों के पालन पर जोर दिया।

### सकारात्मक संदेश के साथ संपन्न हुआ सम्मेलन

सांस्कृतिक सत्रों में भजन, प्रवचन एवं प्रस्तुतियों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा आयोजक मंडल द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। तीन दिवसीय यह महासम्मेलन सनातन धर्म, वैदिक संस्कृति एवं समाज सुधार के संकल्प के साथ संपन्न हुआ, जिसने समाज में सकारात्मक संदेश दिया।

# सावधानः धन की आढ़ में किया जा रहा धर्मांतरणः मोहितराम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

देवीपुरा बैरसिया पुल और हीरापुर के पास सड़क निर्माण कार्य का विधायक सुदेश राय ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। सड़क निर्माण कार्य और पुल मरममत कार्य को विधायक सुदेश राय ने प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। तत्पश्चात विधायक सुदेश राय ने मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सड़कों से जुड़े मुद्दों पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देर्श देते हुए कहा कि जिन पुलों पर बनी सड़कों से तार बाहर निकल रहे है वह जानलेवा है दुर्घटनाऐं हो सकती है विधायक राय के निर्देश पर उन्हें तुरंत अधिकारियों ने दुरुस्त कराया। अधिकारियों ने बताया कि उक्त मार्ग पर सड़क सुधार का कार्य निरंतर जारी है। जल्द ही कार्य पूर्ण कर यातायात को सुचारू किया जाएगा। पुल से गुजरने वाले वाहन चालकों राहगीरों को हो रही परेशानी से बड़ी राहत मिल गई। विधायक सुदेश राय ने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत समारोह में भीड़ के कारण मंच गिरा



**देवास।** बुधवार को युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के स्वागत समारोह के दौरान मंच अचानक गिर गया। यह घटना अत्यधिक भीड़ के कारण हुई। हादसे के समय स्वयं यश घनघोरिया मंच पर मौजूद थे। गनीमत रही कि इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। मंच गिरने के बाद कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। कार्यकर्ता इधर-उधर भागते नजर आए, जिससे कुछ समय के लिए स्थिति अनियंत्रित हो गई। बताया गया है कि स्वागत मंच युवक कांग्रेस विधानसभा महासचिव अमन खन्ना और जिला उपाध्यक्ष समरोज पठान द्वारा लगाया गया था। भीड़ को नियंत्रित न कर पाने के कारण मंच का संतुलन बिगड़ गया और यह हादसा हुआ।

## सेंधव को दी श्रद्धांजलि

**चापडा।** ग्राम पोनासा में स्व. अजाब सिंह पडियार का निधन होने पर उनके निज निवास पर जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरुलाल अटारिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पटेल कप्तान, सूरज सिंह, जनपद अध्यक्ष सोनकच्छ बलराम चौधरी, राजवीर सिंह बघेल, प्रदीप सिंह बोरखेड़ा, तेजसिंह राणा, विश्वजीत चौहान, गुलाब सिंह,नाथू सिंह, राजेंद्र सिंह गुनेरा, देवेंद्र, भंवर सिंह, रतन सिंह, धीरज सिंह मुरादपुर ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दंपत्ति को इंदौर किया रेफर, गुस्साए लोगों ने की एफआईआर की मांग

# अतिक्रमण हटाने के दौरान दंपती ने पेट्रोल डालकर अपने आप को लगाई आग

### अतिक्रमण अमले के सामने पति-पत्नी ने खुद को लगाई आग, कलेक्टर ने तहसीलदार, सीएमओ को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले की बागली विधानसभा के सतवास नगर में पति पत्नी ने खुद को आग के हवाले के कर दिया। इस खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। यहां एक दंपत्ति ने राजस्व अमले के सामने खुद को पेट्रोल डालकर आग लगा ली। खुद को आग लगाने के कारण पति-पत्नी गंभीर रूप से झुलस गए हैं और उन्हें गंभीर हालत में इंदौर रेफर किया गया है। पीड़ित परिवार ने तहसीलदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनका निर्माण वैध था, सभी परमिशन थीं लेकिन फिर भी तहसीलदार निर्माण को तुड़वा रहे थे। गंभीर आरोप लगने के बाद तहसीलदार को हटाकर कलेक्टर कार्यालय अटैच किया गया है।



**नए निर्माण को लेकर विवाद**

जानकारी अनुसार सतवास में बुधवार को तहसीलदार अरविंद दिवाकर के साथ राजस्व अमला निर्माण हटाने के लिए पहुंचा था। नाली पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए जैसे ही तहसीलदार जेसीबी लेकर पहुंचे तो संतोष व्यास और उनकी पत्नी जयश्री व्यास की उनसे बहस हो गई। इसी दौरान व्यास दंपत्ति ने तहसीलदार के सामने ही खुद पर पेट्रोल छिड़का और आग लगा ली। पति-पत्नी के खुद को आग लगाते ही हड़कंप मच गया और चीख पुकार होने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह तुरंत अपने कपड़ों व धूल-मिट्टी के जरिए आग बुझाई और गंभीर रूप से झुलस चुके व्यास दंपति को अस्पताल पहुंचाया जहां से उन्हें गंभीर हालत में इंदौर रेफर किया गया है।

**तहसीलदार पर लगाए आरोप**

व्यास परिवार का आरोप है कि उनका निर्माण वैध है और उनके पास पूरी परमिशन भी है लेकिन इसके बावजूद तहसीलदार अरविंद दिवाकर जेसीबी लेकर तोड़फोड़ करने पहुंच गए। इधर घटना से गुस्साए लोगों ने सतवास बस स्टैंड पर पुलिस थाने के सामने चक्काजाम कर तहसीलदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों ने ये भी आरोप लगाया कि अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम ने व्यास परिवार से पैसों की डिमांड की थी। तहसीलदार अरविंद दिवाकर पर गंभीर आरोप लगने के बाद कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने उन्हें हटाकर कलेक्टर कार्यालय में अटैच कर दिया है। वहीं देवास में पदस्थ तहसीलदार हरिओम ठाकुर को तत्काल सतवास तत्काल भेजा गया।

**घटना के बाद अधिकारियों पर गिरी गाज**

घटना के बाद तहसीलदार अरविंद दिवाकर और नगर पालिका सीएमओ चुन्नीलाल जूनवाल को सस्पेंड कर दिया गया है। मामले की पड़ताल के लिए जांच कमेटी बनाई गई है, इसमें एक एसडीएम और एक तहसीलदार रहेंगे। घटना से नाराज लोगों ने बीते 4 घंटे से थाने के पास चौराहे पर जाम



लगा रखा है। दोनों तरफ करीब 3 किलोमीटर तक वाहनों की कतार लगी हैं। मौके पर एडीएम संजीव जैन, एडिशनल एसपी सौम्या जैन, एसडीओपी आदित्य तिवारी समेत कांटाफोड़, सतवास, कन्नौद, नेमावर, हरणगांव और खातेगांव थाने का पुलिस बल तैनात है। लोग तहसीलदार और सीएमओ पर केस दर्ज करने की मांग कर रहे हैं।

# योजनाओं की उपायुक्त जाफरी ने की समीक्षा

### पोर्टल पर असंगठित श्रमिक करें पंजीयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अमृत मित्र योजना एक अभिनव पहल है जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति,पर्यावरण संरक्षण और समुदाय-आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देना है। यह योजना मुख्यतः महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी से लागू की जा रही है। महिला स्वयं सहायता समूहों को योजना में शामिल करने के अधिक से अधिक प्रयास करें ताकि वे पानी की निगरानी, लीकेज पहचान और निगरानी गतिविधियाँ दैनिक रूप से कर सकें।

साथ ही पौधरोपण और पर्यावरण सुरक्षा गतिविधियाँ को भी इन्हीं महिला समूहों द्वारा पौधे लगाकर और उनकी देखभाल कर किया जा सके।यह बात नगर निगम के एन.यू.एल.एम.विभाग की निगम सभागृह में आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त जाकिर जाफरी ने कही। उन्होंने कहा कि अर्बन कामगार पोर्टल पर असंगठित श्रमिकों का पंजीयन नवीन पंजीयन करे। इस योजना के तहत निर्माण श्रमिक, रेहड़ी-पटरी वाले, सफाईकर्मी, घरेलू कामगार, ड्राइवर, होटल व ढाबा कर्मी, दिहाड़ी मजदूर, प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, पेंटर आदि अपना पंजीयन कर सकते हैं।निगम के एन.यू.एल.एम. विभाग के सिटी मैनेजर विशाल जगताप ने बताया कि समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की बैंक अनुसार समीक्षा, अमृत मित्र योजना के कार्यदेश की समीक्षा, स्वनिधि से समृद्धि योजना की समीक्षा, संबल योजना के तहत पंजीयन, अनुग्रह सहायता एवं अंत्येष्टि सहायता की समीक्षा, अर्बन कामगार पोर्टल पर नवीन पंजीयन की समीक्षा, दीनदयाल रसोई योजना की समीक्षा और रैन बसेरे के विभिन्न कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि के 15 हजार रुपए लोन के नवीन प्रकरणों के आवेदन प्राप्त करने के लिए मल्हार स्मृति मंदिर परिसर में स्थाई कैंप लगाया जाए। बैठक में उपयंत्री विजय जाघव, मुजफ्फर अली, हेमंत श्रीवास, सुनील जोशी, मुकेश सोलंकी, आकांक्षा मीणा, ज्योति पांचाल, अंजुम शेख सहित समस्त एन.यू.एल.एम.विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ऋतुराज ने नगर निगम क्षेत्र में किए जाने वाले विकास कार्यों के लिए स्थलों का किया निरीक्षण



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने देवास नगर निगम क्षेत्र में आगामी समय में किये जाने वाले विकास कार्यो के लिए नगर निगम कमिश्नर एवं अन्य अधिकारियों के साथ देवास में विभिन्न क्षेत्रों में नजूल भूमि का निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने मीठा तालाब सौंदर्यीकरण, स्लॉटर हाउस के लिए जमीन और आने वाले त्यौहारों को देखते हुए चाट-चौपाटी सहित अन्य कार्यो के लिए स्थल चयन के संबंध में निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने पठान कुआ, रेवा बाग, नुसरत नगर, मीठा तालाब सहित अन्य जगहों पर जाकर शासकीय भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम कमिश्नर दलीप कुमार, एसडीएम देवास आनंद मालवीय, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा, तहसीलदार सपना शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर आईटीआई में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला आपूर्ति अधिकारी देवास ने बताया कि ''राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस'' पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आईटीआई देवास सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम में सदस्य जिला उपभोक्ता आयोग देवास अनिता पाराशर, सदस्य जिला उपभोक्ता आयोग आनंद दुबे, विक्रमसिंह चौधरी, घनश्याम पंडित, रजनीश कुमार गोयल, प्रशांत मिश्रा, नरेन्द्र पंवार, श्याम दुबे, सुरेन्द्र ठाकुर, कैलास वास्केल एवं हीमाली सोनपाटनी, भानसिंह राय, धर्मेन्द्र वर्मा, अभिषेक मौर, चेतन वर्मा, आईटीआई के अधिकारी/कर्मचारी, छात्र/छात्राऐं एवं उपभोक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में विक्रमसिंह चौधरी द्वारा उपभोक्ता जागरूकता से संबंधित जानकारी दी गई। नरेन्द्र



पंवार द्वारा संचार सारथी एप के संबंध में जानकारी दी गई। बी.एस.राय द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के नवीन प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

सुरेन्द्र ठाकुर द्वारा खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता के संबंध में उपभोक्ताओं एवं छात्र/छात्राओं को उपभोक्ता संरक्षण के अधिकारों से अवगत कराया गया। श्याम दुबे द्वारा दुकानदारों द्वारा नापतौल में की जाने वाली गडबडियों के संबंध में अवगत कराया गया। प्रशांत मिश्रा द्वारा पीएनजी/सीएनजी के उपयोग एवं सावधानियों के संबंध में जानकारी दी गई एवं सुविधायुक्त स्वच्छ ईंधन के संबंध में उपभोक्ताओं को जागरूक और प्रोत्साहित किया गया।

## युकां प्रदेशाध्यक्ष घनघोरिया एवं राष्ट्रीय महासचिव चौहान का इंटक ने किया स्वागत



**देवास।** युवा कांग्रेस जिला स्तरीय बैठक का आयोजन देवास में किया गया, जिसमें युवा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष यश घनघोरिया का प्रथम नगर आगमन हुआ। घनघोरिया के साथ भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश प्रभारी शिवी सिंह चौहान भी उपस्थित थे। इंटक मप्र मीडिया प्रभारी कैलाश वर्मा ने बताया कि नवनियुक्त पदाधिकारी प्रदेशाध्यक्ष घनघोरिया एवं राष्ट्रीय महासचिव चौहान का पूर्व महापौर जयसिंह एवं पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी के नेतृत्व में उज्जैन रोड पर जोरदार स्वागत पुष्पमाला पहनाकर किया गया। इस दौरान लाखन सिंह ठाकुर, दिलीप परमार, सलीम मामू, जाधव, पंजाबराव काले, सकलेचा, अशोक मित्तल, पुरूषोत्तम शर्मा सहित इंटक पदाधिकारी व कार्यकर्ता बडी संख्या में उपस्थित थे।

# राजपूत करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह चौहान का उज्जैन से आष्टा जाते समय भौरासा फाटे पर करणी सैनिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौड़, प्रदेश सचिव संजय सिंह, देवास जिला अध्यक्ष तूफान सिंह बांगर, जिला उपाध्यक्ष सी.एम. भदोरिया एवं जिला महामंत्री विजय सिंह ठाकुर ने किया।

प्रदेश अध्यक्ष चौहान ने सर्वप्रथम भौरासा फाटे पर स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके पश्चात मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि हाल ही में हरदा से लौटते समय करणी सेना के काफिले पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पथराव किया गया था। इसी घटना को लेकर संगठन की



आगामी रणनीति एवं कार्यवाही के संबंध में चर्चा हेतु वे आज आष्टा जा रहे हैं।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष कुलदीप बना, यशवंत सिंह राजपूत, आनंद सिंह दरबार, कुंदन ठाकुर, त्रिलोक ठाकुर, सोनू बना, अरमान ठाकुर, शुभम बना, लाला बना, शुभम बेस, जयपाल राजपूत, जितेंद्र बेस, संदीप, महेश, सोनू राजपूत, सहित बड़ी संख्या में करणी सैनिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

# ग्राम जोझकपुरा में आंगनबाड़ी भवन बना गया खंडहर, 10 वर्षों से काम अधूरा, बच्चे हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम जोझकपुरा में करीब 10 वर्ष पूर्व आंगनबाड़ी के भवन का निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन आज तक यह भवन पूरा नहीं हो सका। निर्माण कार्य केवल छत हाइट तक ही किया गया था,इसके बाद कार्य बीच में ही रोक दिया गया। लंबे समय से अधूरा पड़ा यह भवन अब खंडहर का रूप ले चुका है। ग्रामीणों के अनुसार, अधूरे भवन के दरवाजे सड़ चुके हैं, दीवारों में दरारें आ गई हैं और भवन पूरी तरह जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। बारिश और समय के साथ भवन की हालत और



खराब होती जा रही है, जिससे कभी भी हादसे की आशंका बनी रहती है। बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए संचालित की जाने वाली आंगनबाड़ी सेवा का लाभ ग्रामीणों को ठीक से नहीं मिल पा रहा है।जानकारी अनुसार, निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने पर संबंधित एजेंसी से किए गए भुगतान की रिकवरी भी निकाली गई थी। इस संबंध में इंजीनियर सुनील बामने ने बताया कि आंगनबाड़ी भवन के अधूरे कार्य पर रिकवरी निकाली गई थी और संबंधित राशि जमा भी करवा ली गई थी, लेकिन उसके बाद भवन को पूरा करने के लिए दोबारा फंड रिलीज नहीं हुआ। इसी कारण भवन का निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका और आंगनबाड़ी भवन अधूरा रह गया। ग्रामीणों ने मांग की है कि शासन-प्रशासन जल्द से जल्द इस ओर ध्यान दे और नया आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत कर निर्माण कार्य पूरा कराया जाए, ताकि गांव के बच्चों और महिलाओं को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।

### शिप्रा तट पर कथा के तीसरे दिन महामंडलेश्वर ने दिया ओजस्वी आध्यात्मिक संदेश

# संतान को संपत्ति नहीं, संस्कारों की पूंजी दें: उत्तम स्वामी





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

संतान को संपत्ति से अधिक संस्कारों की पूंजी देने वाला ही श्रेष्ठ गृहस्थ कहलाता है। गृहस्थाश्रम में रहकर जो व्यक्ति भगवान के नाम का स्मरण करता है, उसके घर स्वयं नारायण कार्य करते हैं। यदि गृहस्थ दिन और रात के प्रत्येक प्रहर का विधिवत पालन करे, तो वह अपने घर को ही स्वर्ग बना सकता है। ब्रह्म मुहूर्त में भजन करने वाला व्यक्ति ईश्वरीय शक्ति को प्राप्त करता है, जबकि संध्या काल में भोजन करने वाले के घर रोग प्रवेश कर जाते हैं और जो व्यक्ति दिन में सोता है, उसके घर से लक्ष्मी चली जाती है। स्वस्थ दिनचर्या के साथ प्रभु का नाम स्मरण कर कर्म करने वाला गृहस्थ अपने जीवन में धन, सुख, शांति और वैभव को प्राप्त करता है। उक्त विचार महामंडलेश्वर श्री उत्तम स्वामी महाराज ने शिप्रा तट पर विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर व्यक्त किए। यह आयोजन जिला अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल एवं उनके परिवार द्वारा 251 कन्याओं के निःशुल्क विवाह के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। कथा प्रसंग का आध्यात्मिक चित्रण करते हुए महाराज ने कहा कि परमार्थ से ही परमात्मा को जोड़ा जा सकता है। धर्म के कार्य में किया गया कृतित्व ही सच्चा परमार्थ है। तन, मन और धन में से जो भी उपलब्ध हो, उसे धर्म की सेवा में समर्पित करना चाहिए। मन के सिलबट्टे पर अपनी बुराइयों को कूटकर किया गया परमार्थ ही ईश्वर प्राप्ति का मार्ग है। उन्होंने कहा कि सेवा से पुण्य की प्राप्ति होती है। भगवान को पुष्प अर्पण करने का पुण्य वृक्ष को प्राप्त होता है और दूध अर्पण करने का पुण्य गाय को प्राप्त होता है। वही अर्पण करें जो आपका हो, वही सच्चा पुरुषार्थ है। व्यास पीठ की पूजा दिलीप अग्रवाल एवं उनके परिवार द्वारा की गई। कथा आरती में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र पवार, रमेश कौशल, शिव शर्मा, हाटपिपल्या विधायक मनोज चौधरी, धर्मपुरी विधायक कालूसिंह ठाकुर सहित अनेक भगवताचार्य, संतजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रतिदिन हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष कथा श्रवण कर रहे हैं और भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। वहीं 28 दिसंबर को आयोजित होने वाले 251 जोड़ों के निःशुल्क विवाह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं, जिसमें प्रदेश के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों सहित बड़ी संख्या में जनमानस की उपस्थिति रहेगी।

# 526 आपत्ति और सुझावों पर हुई सुनवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

उप संचालक नगर तथा ग्राम निवेश देवास ने बताया कि मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के प्रावधानों के तहत देवास विकास योजना 2041(प्रारूप) के संबंध में जनसामान्य से प्राप्त 526 आपत्तियों/सुझावों की सुनवाई कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में शासन द्वारा मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 17-क(1) के तहत गठित समिति के सदस्यों के समक्ष की गई। उन्होंने बताया कि देवास विकास योजना 2041(प्रारूप) के संबंध में जनसामान्य से प्राप्त आपत्तियों/सुझावों की सुनवाई कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समिति के सदस्यों के समक्ष 20, 22 एवं 24 दिसम्बर को की गई। जिसमें सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर एवं समिति सदस्यों द्वारा सुनवाई की गई।

**खबर संक्षेप**

### किसान की मौत पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम सैदपुर निवासी राजकुमार पुत्र कोमल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 17 दिसम्बर को उसके पिता कोमल कृषि कार्य को दवा खरीदने ललितपुर आये थे और दवा लेकर लौट रहे थे। मन्नू पेट्रोल पम्प के आगे चन्देरा स्थित शोरूम तक पहुंचे ही थे कि तभी पीछे से आ रहे डंपर यू.पी.94 टी 5271 के चालक ने उसके पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता मरणासन्न हो गये। उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने उसके पिता को मृत घोषित कर दिया। इधर डम्फर चालक घटना को अंजाम देकर मौके से भाग गया। घटना को जखौरा निवासी अंकेश पुत्र शिशपाल व ननौरा निवासी राकेश पुत्र बृषभान ने देखा ओर जानकारी दी। पीड़ित का आरोप है कि उक्त डम्फर ग्राम लखनपुरा निवासी स्वामी प्रसाद यादव का है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पुतला दहन किया

**कुरवाई।** बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार एवं निर्मम हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने बीना तिराहे पर जिहादी आतंकवादियों का पुतला दहन किया।

### जिलाधिकारी प्रतिदिन नियमित जनसुनवाई कर जनता की समस्याओं को सुन रहे

# दूरदराज से आए लोगों की समस्याओं का मौके पर ही किया गया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के कुशल मार्गदर्शन, दूरदर्शी नेतृतव व त्वरित निर्देशन से ललितपुर वासियों को उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान मिल रहा है, इसके लिए जिलाधिकारी प्रतिदिन नियमित जनसुनवाई कर जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और उनका सम्बंधित अधिकारियों से प्रभावी निस्तारण करा रहे हैं। अधिकतर शिकायतों का निस्तारण वे अपने चैंबर से ही करा देते हैं। वे फरियादियों की समस्या को सुनकर मौके पर उपस्थित अधिकारियों से तत्काल निस्तारण कराकर शिकायतकर्ता को संतुष्ट करते हैं और कुछ मामलों में अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित कर समस्या का समाधान कराते है।

इसी श्रंखला में बुधवार को कुछ फरियादी जिलाधिकारी के समक्ष आये और अपनी समस्या उनके सामने रखी, जिसमें ग्राम भारौन में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्री माधुरी शर्मा ने उप्र ग्रामीण बैंक धौर्रा द्वारा अभर्द्र व्यवहार करने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने अग्रणी बैंक प्रबंधक को प्रकरण में प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवगत कराने के निर्देश दिये।



#### चक परिवर्तन की शिकायत पर की कार्रवाई

इसी प्रकार ग्राम सूरीकलां निवासी ममता ने लेखपाल व कानूनगो द्वारा बिना सूचना के उनकी भूमि का चक परिवर्तन करने की शिकायत की, जिस पर जिला बन्दोबस्त अधिकारी को प्रकरण को स्वयं देखकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। नगर के सरदारपुरा निवासी शीलेन्द्र पटैरिया ने उनके मकान को नगर पालिका के अभिलेखों में दर्ज कराने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को नियमानुसार कार्रवाई कर शिकायकर्ता को भी अवगत कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी घनश्याम भारती, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल व सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

#### चकबंदी प्रक्रिया में किसी भी आसामी पट्टेदार के साथ नहीं होगी नाइंसाफी

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के जनसुनवाई कार्यक्रम में बिरधा के ग्राम जीरोन के किसानों ने समस्या बताते हुए इस बात की आशंका व्यक्त की गई कि उनके गांव में चकबंदी के दौरान ग्राम में आसामी पट्टेदारों के नाम खारिज करके भूमि ग्राम सभा में दर्ज कर दी जायेगी, जिसको जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए जिला बंदोबस्त अधिकारी को निर्देश दिये कि किसी भी आसामी पट्टेदार को उसकी भूमि से नाम खारिज नहीं किया जाए। उन्होंने किसानों को भी आश्वस्त किया कि आसामी पट्टेदारों उनकी भूमि से वंचित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सम्बंध में किसी भी प्रकार की भ्रम से ग्रसित होकर चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनपद के चकबंदी प्रक्रियाधीन ग्रामों में चकबंदी के दौरान किसी भी आसामी पट्टेदार के साथ नाइंसाफी नहीं की जायेगी, जिससे किसानों के चेहरों पर संतोष का भाव आया। जिलाधिकारी ने किसानों को जिला बन्दोस्त अधिकारी के साथ उनके कार्यालय भेजकर चकबंदी प्रकिया से अवगत कराने के निर्देश दिये। इसके सम्बंध में जिला बन्दोबस्त अधिकारी ने किसानों को अवगत कराया कि राजस्व संहिता 2006 की धारा-76 के अन्तर्गत आसामी श्रेणी-3 के पट्टेदारों को (धारा-77 की भूमि को छोडकर) भूमिधरी के अधिकार प्रदत्त किये जाने का प्रावधान है। चकबन्दी प्रक्रिया के दौरान किसी भी आसामी पट्टेदार (सार्वजनिक हित धारा-77 चारागाह, खलिहान, तालाब आदि की भूमि को छोडकर) का नाम उसकी आसामी पट्टे की भूमि से खारिज नहीं किया जायेगा।

### नियमों के उल्लंघन का मामला

# दर्जनों सवारियों को ढो रहे ऑटो को किया सीज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर में यातायात नियमों के गंभीर उल्लंघन का मामला सामने आया है। एक चार सीटर ऑटो में 24 यात्रियों को बैठाकर ले जाया जा रहा था। जिसे यातायात पुलिस ने हाईवे-44 पर पकड़ लिया।

पुलिस ने ऑटो को सीज कर चालक के खिलाफ चालान की कार्रवाई की है। इस घटना का वीडियो बुधवार को सामने आया है। यह कार्रवाई मंगलवार शाम को की गई। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देश, एएसपी कालू सिंह व सीओ यातायात के निकट पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी आलोक तिवारी हाईवे-44 पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान बिरधा की ओर जाते समय उन्हें एक ऑटो दिखाई दिया, जिसमें यात्री बाहर की ओर लटके हुए थे। यातायात प्रभारी ने तुरंत ऑटो को रुकवाया और यात्रियों को नीचे उतारकर गिनती कराई। जांच में ऑटो में कुल 24 यात्री सवार पाए गए, जबकि नियमों के अनुसार चालक के अतिरिक्त केवल चार यात्रियों को बैठाने की अनुमति होती है। मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस ने ऑटो को सीज कर दिया और चालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की। पूछताछ में ऑटो चालक ने बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से ऑटो चला रहा है। यातायात प्रभारी आलोक तिवारी ने ऑटो को सीज कर दिया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### एलएलएम में हासिल किए सर्वोच्च अंक

# ललितपुर की बेटी रिया ने इतिहास रचा, गोल्ड मेडल से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले की बेटी रिया जैन बड़कुल ने जिले का रौशन किया है। उसने पटियाला स्थित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरजीएनयूएल) में एलएलएम (कानून में स्नातकोत्तर) में सर्वोच्च अंक हासिल करके विश्वविद्यालय में टॉप किया है। बीते रोज उसे दीक्षांत समारोह में भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। इतिहास में यह पहली उपलब्धि है कि जब किसी छात्रा ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर एलएलएम जैसी परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करके स्वर्ण पदक हासिल किया हो।

रिया जैन बड़कुल शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी निशांत व स्वाति बड़कुल की पुत्री हैं। शुरुआत में रिया का मन नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करके डाक्टर बनने का था। इसी बीच अचानक उसे वकालत के क्षेत्र में रूचि होने लगी और उसने मात्र तीन महीने की तैयारी में ही क्लेट में क्वालीफाई कर लिया। नागपुर एनएलयू से एलएलबी पास करने के बाद उसने पटियाला स्थित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरजीएनयूएल) में एलएलएम (कानून में स्नातकोत्तर) में प्रवेश किया और यहां अथक परिश्रम की दम पर सर्वोच्च अंक हांसिल किए। बीते विश्व विद्यालय के दीक्षांत समारोह में उसे भारत की सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश सूर्यकांत द्वारा गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया।

### शव को उसके पुत्र ने देखा था

# महिला का शव घर में फांसी के फंदे से लटकता मिला, दरवाजा बंद था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मंगलवार देर रात एक महिला का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। महिला को उसके पुत्र ने देखा, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। यह घटना कोतवाली सदर अंतर्गत मोहल्ला गोविंद नगर स्थित काशीराम कॉलोनी की है। मृतक महिला की पहचान 46 वर्षीय रईसा पत्नी स्वर्गीय शौकत खान के रूप में हुई है। पुत्र सादिक जब काम से घर लौटा तो उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया। पड़ोसियों की मदद से कमरे में प्रवेश करने पर उसने अपनी मां को फांसी पर लटका देखा। सादिक रात करीब 11:45 बजे अपनी मां को मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रईसा के गले में रस्सी का फंदा बंधा हुआ था।

चिकित्सकों ने शव को मॉर्च्यूरी में रखवा दिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुत्र सादिक ने पुलिस को बताया कि उसके पिता की मृत्यु चार साल पहले हो गई थी, जिसके बाद से उसकी मां गुमसुम रहती थी। सादिक के अनुसार, मंगलवार को जब वह काम पर गया था, तब उसकी मां का कॉलोनी की एक महिला से विवाद हुआ था। इस घटना के बाद मां सदमे में आ गई और उसने आत्महत्या कर ली। वहीं, पड़ोसियों ने बताया कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। चौकी इंचार्ज सदर ने जानकारी दी कि महिला के शव को फांसी के फंदे से उतारकर मेडिकल कॉलेज लाया गया था। उन्होंने बताया कि महिला ने आत्महत्या क्यों की, इसकी जांच की जा रही है।

#### कुल्हाड़ी से पैर पर किया प्रहार, मामला दर्ज

तालबेहट अंतर्गत ग्राम हर्षपुर मजरा साठिया में रहने वाले पहलवान पुत्र कमल कुशवाहा ने पुलिस को अवगत कराया कि 22 दिसम्बर की शाम करीब 7 बजे उसका भाई जशरथ गांव में दयाराम की दुकान से सामान लेने गया था। तभी गांव के बलराम पुत्र राजेन्द्र सिंह ठाकुर आया और बिना कारण उसके भाई को गालियां देने लगा। मना करने पर बलराम ठाकुर ने उस पर हाथ में लिये कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया, जिससे कुल्हाड़ी जशरथ के पैर में जाकर लगी और वह घायल हो गया। शोरगुल होने पर बलराम उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है

# राकेश नामदेव को शिवसेना का ललितपुर अध्यक्ष नियुक्त किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर के मोहल्ला आजादपुरा स्टेट बैंक के पीछे रहने वाले राकेश कुमार नामदेव को शिवसेना ने ललितपुर जिला का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण पद के मिलने से राकेश नामदेव के समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर शुभचिन्तकों ने मिष्ठान वितरण कर इस उपलब्धि पर हर्ष जाहिर किया है। फोन पर हुयी वार्ता में शिव सेना के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश नामदेव ने बताया कि हिन्दू हृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे और धर्मवीर आनन्द दीघे साहब के आशीर्वाद और महाराष्ट्र राज्य के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अड़सूळ के आदेश पर प्रदेश उपाध्यक्ष/बुन्देलखण्ड प्रभारी स्नेहल करमरकर के नेतृत्व में उन्हें यह जिम्मेवारी नियुक्ति पत्र के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अभय द्विवेदी ने लखनऊ में सौंपी है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश नामदेव ने कहा कि संगठन ने जिस उम्मीद और भरोसे के चलते उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है, वह उस पर कर्तव्य निष्ठा के साथ खरे उतरने का भरशक प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जायेगा। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले में शिव सेना को और अधिक मजबूती प्रदान की जायेगी। उन्होंने संगठन के विस्तार पर भी गंभीरता से कार्य करने का आह्वान किया।

### मुनिश्री समत्व सागर महाराज के सान्निध्य में हुआ आयोजन

# गिरारगिरी कार्यक्रम की पत्रिका का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मुनिश्री 108 समत्व सागर महाराज, मुनिश्री शीलसागर महाराज के मंगल सानिध्य में मड़ावरा नगर में सिद्धचक्र महामंडल विधान अगाध श्रद्धा भक्ति के साथ चल रहा है। मीडिया प्रभारी डा.सुनील ने बताया कि देश के जाने-माने प्रतिष्ठाचार्य, अतिशय क्षेत्र नवागढ़ के निर्देशक ब्रह्मचारी जयकुमार निशांत, डा.सनत कुमार, पं.जयकुमार जैन, पं.संतोष शास्त्री आदि विद्वतवर्ग द्वारा अतिशय क्षेत्र गिरार गिरी में 30 दिसम्बर से 1 जनवरी तक आयोजित होने वाले त्रिदिवसीय कार्यक्रम की पत्रिका का विमोचन किया गया।



महामंत्री प्रदीप जैन ने बताया कि अतिशय क्षेत्र गिरार गिरी में 16 से 23 जनवरी तक होने जा रहे सिद्धचक्र महामण्डल विधान का आयोजन मुनिश्री समत्व सागर महाराज व मुनिश्री शीलसागर महाराज के सान्निध्य में किया जाएगा।

### गो लोकवासी महंत भगवानदास महाराज की पुण्यस्मृति मनाई

# संस्कृत विद्यालय के बालकों ने वैध पाठ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सिद्धपीठ श्रीतुवन हनुमानजी मंदिर के पूर्व आचार्य गोलोकवासी महंत श्रीभगवानदासजी महाराज की पुण्यस्मृति में उनकी मूर्ति का अभिषेक पूजन चण्डी पीठाधीश्वर स्वामी चंद्रेश्वर गिरि महाराज, स्वामी कृष्ण गिरि महाराज, महामंडलेश्वर राधामोहन दास महाराज, महंत गंगादास महाराज एवं महंत रामलखन दास महराज द्वारा संयुक्त रूप से वैदिक विधि विधान से सम्पन्न हुआ। इस मौके पर संस्कृत विद्यालय के बालकों द्वारा वैध पाठ किया गया। इस मौके पर पूर्व संतों ने भगवानदासजी महाराज के जीवन से जुड़े संस्मरणों का वृतांत सुनाया। इस अवसर पर सरदार बीके सिंह, धर्मेन्द्र रावत, मनीष सड़ैया, अनुजकांत, आशीष लिटौरिया, अभिषेक पाण्डेय, सोनू चौबे, प्रेमनारायण रिछारिया, अनुरूद्ध रिछारिया आदि मौजूद रहे।



# मां को लेकर लौट रहे युवक को बाइक ने मारी टक्कर, घायल

**ललितपुर।** थाना बानपुर अंतर्गत ग्राम भारौनी में रहने वाली राजकुमारी पत्नी राघवेन्द्र अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 26 दिसम्बर को शाम करीब 7 बजे उसके पति पल्सर मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 एन 3735 पर अपनी मां केसरबाई को बैठाकर बानपुर ललितपुर रोड पर भौरानी तिराहा से घर लौट रहे थे। गांव में रब्बू बुनकर के मकान से थोड़े आगे पहुंचे कि सामने से गांव के राजकुमार पुत्र रामसिंह ने अपनी मोटर साइकिल से उसके पति की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पति को चेहरे में गंभीर चोटें आयीं और मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। परिजन मौके पर और परिजनों की मदद से पति को उपचार के लिए मुख्यालय के एक प्राइवेट अस्पताल पहुंची, जहां से घायल पति को झांसी रेफर कर दिया गया। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

#### विद्युत मीटर की तोड़फोड़ करने का आरोप

निकटवर्ती ग्राम सिवनीखुर्द में रहने वाली रूपाली राजपूत पत्नी नन्दकिशोर ने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को एक शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि उसके घर में विद्युत संयोजन है। बताया कि गांव के दबंग व्यक्ति सुनील राजपूत पुत्र मैरवान सिंह राजपूत ने उसके घर लगे विद्युत मीटर की तोडफ़ोड़ कर दी। इस कारण उसे विद्युत आपूर्ति से सम्बन्धित परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### विशाल ऑस्टियोपोरोसिस जांच व उपचार शिविर संपन्न

# 30 वर्ष के बाद हड्डियों में कमजोरी व घिसाव प्रारंभ होता: तिवारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

दिगंबर जैन पंचायत समिति के तत्वावधान में स्थानीय क्षेत्र में आधुनिक मशीनों द्वारा विशाल बीएमडी जांच एवं उपचार शिविर सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता जैन पंचायत से डा. अक्षय जैन ने, संचालन फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सनत जैन ने किया। शिविर में ऑस्टियोपोरोसिस विशेषज्ञ पुष्कर तिवारी द्वारा मरीजों की जांच कर बताया कि 30 वर्ष की उम्र के बाद मनुष्य के शरीर की हड्डियों में कमजोरी एवं घिसाव प्रारम्भ हो जाता है एवं टूटने के जोखिम के साथ साथ जोड़ों में दर्द प्रारंभ हो जाता है। इसके बचाव के लिए संतुलित जीवन शैली के साथ तनाव रहित जीवन, धूम्रपान एवं नशा की आदतों से बचाव एवं कैल्शियम व विटामिन डी युक्त समुचित भोजन करने से हड्डियों की कमजोरी व घिसाव से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 50 वर्ष की उम्र के बाद नियमित जांच एवं उपचार आवश्यक है। चिकित्सा जांच टीम में जितेंद्र पंथ सहयोगी रहे। इस दौरान विजय जैन, राजकुमार जैन, सनत जैन, महिपाल जैन, सुरेन्द्र सिंघई, सर्वज्ञ सतभैया, केवलचंद जैन, रमेश जैन, गौरव जैन, अशोक जैन, सौरभ जैन, अंकित जैन, निखलेश, प्रकाशचंद जैन आदि का विशेष सहयोग रहा।

### शिविर में 136 लोगों की जांच की

ललितपुर । यात्री प्रतीक्षालय बस स्टैंड पर शासन के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा बसों में कार्यरत चालक, परिचालक एवं अन्य सहयोगी स्टाफ की सामान्य स्वास्थ्य जांच हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 120 लोगों की एच०आई०वी०, सिफलिस, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी जांच तथा 16 व्यक्तियों की क्षय रोग की स्क्रीनिंग की गयी जिसमें सभी लोग निगेटिव पाए गए। शिविर में 105 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें से तीन व्यक्ति निकट दृष्टि दोष से एवं 52 लोग दूर दृष्टि दोष से ग्रसित पाए गए जिन्हें चश्में की सलाह दी गयी। नेत्र परीक्षण में 50 व्यक्तियों की दृष्टि सामान्य पायी गयी। उपरोक्त शिविर में राजकुमारी, अतुल कौउन्सलर, अरविन्द एल०टी०, मनीष आप्टोमेट्रिस्ट, नवीन सोनी एस०टी०एस०, आदेश श्रीवास्तव पी०पी०एम०सी०, अमित पुरोहित एस०टी०एल०एस० द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

लाखों का चूना लगा रहे व्यापारी, गेटपास न होते हुए भी कृषि मंडी से कैसे निकल रही गाड़ियां

# बिना नंबर की नई गाड़ियों से प्याज लहसुन की हो रही अवैध सप्लाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-सारंगपुर

एक तरफ किसानों को अपनी फसलों के उचित दाम तक नहीं मिल पा रहे, वहीं दूसरी ओर कृषि मंडी सारंगपुर के व्यापारी मंडी टैक्स बचाकर और सरकार को चूना लगाकर अपनी आय बढ़ाने में लगे हुए हैं। हालात यह है कि प्याज व लहसुन की सबसे ज्यादा आवक वाली मंडी को ग्रहण लगाया जा रहा है और वो भी अधिकारियों की नाक के नीचे।

कृषि उपज मंडी सारंगपुर से बिना अनुज्ञा (परमिट) के लाखों रुपए की प्याज की सप्लाई किए जाने का मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि यह प्याज कंपनियों को या दूसरे व्यापारियों तक नई बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों में भरकर भेजी जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंडी परिसर में खुलेआम ट्रकों और पिकअप वाहनों में प्याज लोड की जा रही है, जिन पर न तो पंजीयन नंबर अंकित है और न ही किसी प्रकार के वैध दस्तावेज प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इस तरह बिना गेटपास के ही कई गाडियां मंडी से निकाली जा रही है देखने दिखाने के लिए व्यापारी द्वारा कुछ गाडियों अनुज्ञा बनवा ली जाती है जिससे ऐसा प्रतीत हो की सब कुछ नियमानुसार ही चल रहा है।

### व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों और अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा कारोबार !

खुलेआम बिना नंबर की लोडिंग गाडियों में भर कर यह प्याज अंतरराज्यीय व्यापारियों तक पहुंच रही हैं। बताया तो यहां तक भी जाता है कि इसको निर्यात भी किया जाता है। ऐसे में देखना यह है कि क्या व्यापारीयों द्वारा एक्सपोर्ट करने संबंधी औपचारिकताएं पूरी की जा रही है या नहीं। बताया जा रहा है कि इस पूरे खेल में कुछ व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत है, जिसके चलते नियमों को ताक पर रखकर अवैध कारोबार फल-फूल रहा है।

### बिचौलिए और व्यापारियों के बीच हो रहा किसान का शोषण

स्थानीय किसानों का आरोप है कि इस अवैध सप्लाई से उन्हें उचित दाम नहीं मिल पा रहे हैं, जबकि मुनाफा बिचौलियों और बाहरी व्यापारियों की जेब में जा रहा है। वहीं शासन को भी टैक्स और शुल्क के रूप में भारी राजस्व हानि हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, मंडी से बाहर जाने वाली सभी गाड़ियों की सघन जांच हो तथा बिना अनुज्ञा और बिना नंबर प्लेट के वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो यह अवैध कारोबार और भी व्यापक रूप ले सकता है, जिसका खामियाजा किसानों और शासन दोनों को भुगतना पड़ेगा।

### इनका कहना है...

आपके द्वारा जानकारी दी गई है। मैं दिखवाता हूं।
**राजेश खरे, सचिव कृषि उपज मंडी सारंगपुर**

गुरु सिंह सभा कमेटी व माधव स्मृति न्यास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन

# वीर बाल दिवस पर रक्तवीरों ने किया 61 यूनिट रक्तदान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

गुरुद्वारे में वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरु सिंह सभा कमेटी एवं माधव स्मृति न्यास के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 61 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसमें नगर के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्याण सिंह छाबड़ा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अशोक अग्रवाल उपस्थित रहे, जबकि रेड क्रॉस समिति से जिला सचिव संजय शेखर शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम का आभार धर्मेंद्र शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे के ज्ञानी नरेंद्र सिंह ने चारों साहिबजादों के शौर्य और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए उपस्थितजनों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में रामकिशन सलूजा, रणजीत सिंह सलूजा, संतोष सिंह अजवानी, सतपाल सिंह अरोरा, महेंद्र शाक्यवार, दिलबर यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा, मुकेश सेन, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजकों ने रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए समाजसेवा के ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

मंगलवार को शासकीय कन्या हाई सेकंडरी स्कूल में मतदाता सूची का प्रथम चरण का बीएलओ द्वारा किया गया। वार्ड क्रमांक 10 11 12 मतदान केंद्र 153 वार्ड क्रमांक 13 14 15 मतदान केंद्र 159 160 पार्षद और बीएलए उपस्थित रहे। आज से 22 जनवरी तक नाम जुड़वाने की प्रक्रिया शुरू होगी। इस मौके पर वार्ड 10 के पार्षद प्रतिनिधि ओमप्रकाश पालीवाल वार्ड 12 श्याम पालीवाल पूर्व पार्षद प्रवीण पालीवाल रघुवीर मेहर पदम राजपूत उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने स्वदेशी अपनाओ विदेशी हटाओ का संदेश दिया

## नगर में चल रहे सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में मानव श्रृंखला बनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

नगर के सभी शासकीय अशासकीय विद्यालय ने पंच परिवर्तन एवं स्वदेशी जागरण विषय को लेकर मानव श्रृंखला जो नगर के एक छोर रनारा जोड चौराहे से लेकर दूसरे छोर कृषि उपज मंडी गेट तक बनाई। नगर के सभी विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर कृष्ण वैली स्कूल सरस्वती ज्ञान मंदिर प्रखर कॉन्वेंट स्कूल रविंद्र कान्वेंट स्कूल जय हिंद अकैडमी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने भाग लेकर स्वदेशी अपनाओ विदेशी हटाओ अपने देश में बनी चीजों का इस्तेमाल करो और विदेशी उत्पादों का बहिष्कार करो जो भारत में आत्मनिर्भरता और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रीय आह्वान है जो आर्थिक स्वतंत्रता एवं रोजगार सृजन और राष्ट्रवाद की भावना मन में जागृत करता है छापीहैड़ा बस स्टैंड स्थित सकल हिंदू समाज वर्ग के प्रबुद्ध जनों ने विदेशी चीजों को जलाकर संदेश दिया स्वदेशी अपनाओ का नारा लगाया और विदेशी चीजों को जलाकर यह संदेश दिया। तथा बड़ी संख्या में नगर के लोग शामिल थे। थाना छापीहेड़ा टीआई संगीता शर्मा पुलिस टीम के साथ मौजूद रहीं। वही बाद में मोहित गुप्ता ने कहां भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के स्वदेशी आंदोलन 1905 से जुड़े जिसमें ब्रिटिश उत्पादों का बहिष्कार कर भारतीय सामानों के इस्तेमाल पर जोर दिया गया था और यह नारा आज भी आत्मनिर्भर भारत के लिए सार्थक रूप ले रहा है जिसका उद्देश्य आर्थिक आत्मनिर्भरता है। जिसमें मुख्य नारे स्वदेशी अपनाओ देश को आत्मनिर्भर बनाओ और विदेशी वस्तुओं का त्याग करो एक जुटता के साथ स्वदेशी अपनाओ कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सकल हिंदू समाज को स्वदेशी अपनाओ पर जोर देते हुए विराम दिया।

जनसुनवाई में अधिकारियों को अपर कलेक्टर ने कहा - करें आवश्यक कार्रवाई

## विधवा और वृद्ध पेंशन के तुरंत समाधान के लिए दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कालाखेत निवासी ब्रिजेश बाई ने बताया कि आवेदिका को पिछले माह से किसी कारणवश आवेदिका को विधवा पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा हैं। इसी तरह ग्राम फतेहपुर निवासी मेहताब सिंह भिलाला ने बताया कि आवेदक के पास बीपीएल राशन कार्ड नहीं है और साथ ही आवेदक को वृद्ध पेंशन योजना का लाभ भी नहीं मिल रहा हैं। जिससे आवेदक को काफी परेशानी हो रही है।

खिलचीपुर निवासी भेरूंसिंह ने बताया कि आवेदक का मकान कच्चा तथा क्षतिग्रस्त हो गया हैं। साथ ही सभी ग्राम वासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल चुका है। परन्तु आवेदक को आज दिनांक तक उक्त योजना का लाभ किसी कारण वश नहीं मिल पा रहा हैं। ग्राम रामपुरिया निवासी नागा ने बताया कि आवेदक की भूमि पर सोयाबीन की फसल उगाई गई थी, जो खराब मौसम होने के कारण फसल क्षति हो गई है। जिसका मुआवजा आवेदक को अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। अपर कलेक्टर द्वारा तहसीलदार राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम पुरा खेरखेडी निवासी हल्कूबाई ने बताया कि आवेदिका को पूर्व में वृद्ध पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है। परन्तु वर्तमान में आवेदिका को वृद्ध पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अपर कलेक्टर द्वारा सामाजिक न्याय विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम गेहूं खेडी निवासी जगदीश सिंह सौधिया ने बताया कि आवेदक की कृषि भूमि तक सिंचाई हेतु पानी की व्यवस्था जन संसाधन विभाग द्वारा नहीं की गई है जिससे आवेदक की फसल को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। अपर कलेक्टर द्वारा ईई मोहनपुरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

## वार्ड के विकास व निर्माण कार्यों को लेकर मुख्य नपाधिकारी से चर्चा की



**कालापीपल।** नगर परिषद पानखेड़ी कालापीपल द्वारा वार्ड क्रमांक 5 के साथ किए जा रहे कथित सौतेले व्यवहार एवं निकाय के जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी में हो रहे अतिक्रमण को लेकर वार्ड क्रमांक 5 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड की पार्षद अनिता भगवत राजपूत ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी बद्रीलाल पुरबिया को पत्र देकर चर्चा की। पार्षद ने चर्चा के दौरान अपने वार्ड में प्रस्तावित विकास एवं निर्माण कार्यों की जानकारी चाही, साथ ही भारत सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत भारत 2.0 योजना अंतर्गत निर्माणाधीन ग्रीन स्पेस उद्यान की प्रगति के संबंध में प्रश्न किए। पार्षद ने आरोप लगाया कि इससे यह स्पष्ट होता है कि वार्ड क्रमांक 5 के आम नागरिकों के साथ नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वार्ड में शासकीय भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा खुलेआम अतिक्रमण किया जा रहा है, जिस पर नगर परिषद द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि नगर परिषद द्वारा वार्ड में आवश्यक निर्माण एवं विकास कार्यों की लगातार अनदेखी की जा रही है। कालापीपल पानखेड़ी नगर परिषद मुख्य नगर पालिका अधिकारी बद्री लाल पुरबिया का कहना है कि वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद का कहना गलत है वही बार-बार कार्य में बाधा डालते हैं और कार्य नहीं करने देतीं।

## जिले में भी बंद पड़े ट्यूबवेल को रिचार्ज करने किया चिन्हित



**ब्यावरा-राजगढ़।** साफ्ट रिचार्ज जलपुनर्भरण की इस विधि से कम समय में ट्यूबवेल को रिचार्ज किए जा सकते हैं। पी.एच.ई. द्वारा राजगढ़ जिले में भी बंद पड़े ट्यूबवेल को रिचार्ज करने हेतु चिन्हित किया गया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा उक्त चिन्हित ट्यूबवेल को रिचार्ज करने का कार्य पंचायतों द्वारा किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अभी सभी जनपद पंचायतों में 10-10 कार्य प्रारंभ किए जा रहे है। पूर्व वर्षों में भी इस तरह के पुनर्भरण के कार्य किए गए है। जिससे वाटर लेवल बढ़ा है। जनपद पंचायतों में पदस्थ अभियंताओं द्वारा अपनी देखरेख में उक्त कार्य कराए जा रहे है। जिससे आगामी वर्षा ऋतु में वाटर लेबल बढ़ेगा।

## विज्ञान मेले में छात्रों की नवाचार क्षमता ने किया प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

उत्कृष्ट विद्यालय में मंगलवार को जिला स्तरीय विज्ञान मेला लगाया गया। मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी रहीं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी अतुल शाह, एसएटीआई के प्रोफेसर केके पंजाबी मौजूद रहे। समापन पर विधायक मुकेश टंडन भी पहुंचे। मेले में जिले के 7 विकासखंडों से कुल 56 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिला स्तरीय विज्ञान मेले में छात्रों की नवाचार क्षमता से जनप्रतिनिधि प्रभावित हुए। निर्णायक मंडल द्वारा 3 विधाओं में परिणाम घोषित किए गए। कृषि नवाचार में प्रथम हर्षित रैकवार संदीपनी बरईपुरा व द्वितीय महिमा लोधी शासकीय उमावि अहमदपुर रहीं।



नवीन विज्ञान में प्रथम विकास साहू संदीपनी विदिशा व द्वितीय तनीषा सेन कन्या सिरोंज रहीं। दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग में प्रथम पवन अहिरवार उत्कृष्ट विद्यालय विदिशा व द्वितीय विपिन धाकड़ नटेरन रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच की सराहना की।

## विधायक ने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में विधायक हजारीलाल दांगी ने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। महाविद्यालय परिसर में विभिन्न नवनिर्माण कार्य होना है इसको लेकर भुमि पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें विधायक हजारीलाल दांगी ने टीन शेड, बाउंड्री वॉल, आरसीसी रोड, पैरापेट वाल आदि का भूमि पूजन किया। भूमि पूजन में महाविद्यालय प्राचार्य पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, क्रीड़ा अधिकारी राजेंद्र कुमार शर्मा, शंकरलाल दांगी, पंडित अनुपम आचार्य, प्रो ओम प्रकाश गुप्ता, डॉ सचिन शर्मा, बंसीलाल जाटव, शिवनारायण वर्मा, कपिल वैष्णव, दिनेश कुमार दांगी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि इस महाविद्यालय की शुरुआत जन भागीदारी से निर्माण भवन करके अब विशाल भवन एवं सर्व सुविधा विद्यार्थियों के लिए है जिसमें लगभग 3000 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल का त्रिशुल दीक्षा कार्यक्रम आयोजित, 300 कार्यकर्ताओं को त्रिशूल किए गए वितरित

# रैली निकालकर किया बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल द्वारा मंगलवार को मां वैष्णोदेवी मंदिर परिसर ब्यावरा में त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 300 कार्यकर्ताओं को त्रिशूल देकर संगठन के प्रति समर्पण की भावनाओं की दीक्षा प्रदान की गई। कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिन्दू युवक की निर्मम हत्या के विरोध में शहर में आक्रोशित रैली निकाली और स्थानीय पीपल चौराहा पर हिन्दुओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार को लेकर मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया। मां वैष्णोदेवी मंदिर परिसर में बजरंगदल द्वारा आयोजित किए गए त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री सुरेन्द्रसिंह ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्यौंछावर कर दिया,उसी तरह हमें समर्पित भाव से भारत माता की रक्षा करनी होगी। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद एक महान शिक्षाविद्, स्वतंत्रता सेनानी और आर्य समाज के संत थे, जिन्होंने अपना जीवन वैदिक धर्मप्रचार, शिक्षा सुधार और शुद्धि आंदोलन चलाकर हिन्दू समाज को संगठित करने में किया, 23 दिसम्बर 1926 को अब्दुल रशीद नामक व्यक्ति ने उनकी हत्या कर दी। स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस पर त्रिशुल दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मौजूद 300 कार्यकर्ताओं को त्रिशूल वितरित किए गए। कार्यक्रम के बाद बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रही बर्वरता के विरोध में कार्यकर्ताओं ने आक्रोश रैली निकली, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर स्थानीय पीपल चौराहा पर पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया।

इस मौके पर बजरंगदल प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी ने कहा कि एक हिन्दू युवक की यह अमानवीय हत्या कोई अकेली घटना नही है, बल्कि पूरे बांग्लादेश में अल्प संख्यकों के खिलाफ बढ़ती असुरक्षा, भय और व्यवस्थित उत्पीड़न का भयावह प्रतिबिंब है। ऐसे हालात में भारत मूक दर्शन बना नही रह सकता और न ही रहना चाहिए। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल भारत सरकार से आग्रह करता है कि वह बांग्लादेश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव कूटनीतिक, राजनीतिक और मानवीय उपाय करें। त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम में बाल संत कामेशकृष्ण महाराज, आचार्य द्वारिकाप्रसाद, प्रांत मंत्री नवलसिंह भदौरिया, मातृशक्ति प्रांत सहसंयोजिका रिंकू सुनेरी, विभाग मंत्री अशोक गुप्ता, विभाग संयोजक राजू मीणा, विभाग सेवा प्रमुख डॉ. अशोक अग्रवाल, विभाग संयोजिका रीना चौधरी सहित जिला, प्रखंड पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधायक ने आदिवासी बस्ती में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया

**कुरवाई।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत ग्राम इमलिया में विधायक हरिसिंह सप्रे ने डीपी का विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद वह आदिवासी बस्ती में पहुंचे। जहां उन्होंने आदिवासी समाज के लोगों के साथ पारंपरिक भोजन कढ़ी, भाजी, लहसुन की चटनी ज्वार की रोटी खाई। शासन की योजनाओं की जानकारी दी। विधायक सप्रे ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना का उद्देश्य आदिवासी अंचलों में मूलभूत सुविधाओं को सशक्त करना है। सरकार हर समाज और हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा आदिवासी क्षेत्रों में बिजली, सड़क, पानी और आवास जैसी सुविधाएँ प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, जेई मदन अहिरवार आदि उपस्थित रहे।